<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

इरेडा ने सतर्कता जागरूकता सप्ताह, 2022 के अवसर पर 'शिकायत पोर्टल' प्रारंभ किया



नई दिल्ली, 31 अक्टूबर, 2022

भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास संस्था लिमिटेड (इरेडा), नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (एमएनआरई) के अधीन एक सार्वजनिक प्रतिष्ठान है, ने आज 'सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2022' के एक भाग के रूप में 'शिकायत पोर्टल' का शुभारंभ किया,जोकि इरेडा वेबसाइट के माध्यम से एक्सेस किया जा सकता है। इस पोर्टल का शुभारंभ इरेडा के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (सीएमडी), श्री प्रदीप कुमार दास द्वारा इरेडा के निदेशक (तकनीकी), श्री चिंतन शाह, इरेडा की सीवीओ, सुश्री मनीषा सक्सेना, और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में किया गया।

इस पोर्टल को कंपनी की आईटी टीम द्वारा इरेडा की कार्यप्रणाली से संबंधित किसी भी शिकायत के लिए आसानी पहुंच को ध्यान में रखते हुए विकसित किया गया है। यह पोर्टल इरेडा को प्राप्त सभी शिकायतों की बेहतर निगरानी के साथ शिकायत निवारण की पारदर्शिता सुनिश्चित करता है।

इस पोर्टल का शुभारंभ करते हुए, इरेडा के सीएमडी, श्री प्रदीप कुमार दास ने इस बात पर प्रकाश डाला कि शिकायत पोर्टल इरेडा के भ्रष्टाचार के "जीरो टॉलरेंस" और "ईज ऑफ डूइंग बिजनेस" को सक्षम करने में एक और महत्वपूर्ण कदम है। पिछले साल इरेडा द्वारा व्हिसल-ब्लोअर पोर्टल प्रारंभ किया गया था। कंपनी की सुशासन और स्वच्छ नीति को दोहराते हुए श्री

दास ने कहा, "राष्ट्रीय एकता दिवस" इस पोर्टल को शुभारंभ करने का एक उपयुक्त अवसर है। माननीय प्रधान मंत्री के विजन से निर्देशित, वर्ष 2014 में सरदार वल्लभभाई पटेल (भारत के लौह पुरुष) की जयंती अर्थात 31 अक्टूबर, को "राष्ट्रीय एकता दिवस" के रूप में, राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा को संरक्षित और मजबूत करने के लिए हमारे समर्पण को सुदृढ़ करने के लिए मनाने का निर्णय लिया गया था।

इससे पहले , इरेडा के सीएमडी और निदेशक (तकनीकी) ने 'सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2022' की शुरुआत करते हुए इरेडा की सीवीओ और अन्य वरिष्ठ प्रबंधन की उपस्थिति में कंपनी के सभी कर्मचारियों को सत्यनिष्ठा की प्रतिज्ञा दिलाई। सप्ताह भर चलने वाले सतर्कता जागरूकता अभियान (31 अक्टूबर से 7 नवंबर, 2022) के दौरान, " भ्रष्टाचार मुक्त भारत विकसित भारत " विषय के अनुरूप कई गतिविधियां कर्मचारियों के बीच और छात्रों के लिए कई गतिविधियाँ आयोजित की जाएंगी, जिसमें सेमिनार, कार्यशालाएं, वाद-विवाद प्रतियोगिताएं, प्रश्नोत्तरी आयोजित करना शामिल है।